# हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## नीमा गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



14 सितंबर को हर वर्ष देशभर में हिंदी दिवस मनाया जाता है । हिंदी मात्र एक भाषा नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक एकता है, हिन्दी भाषा एक ऐसा माध्यम है जो भारत के कोने कोने में बैठे लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। आजादी मिलने के बाद देश के सामने भाषा को लेकर बड़ी समस्याएँ थी, क्योंकि करोड़ों भारतीयों द्वारा हजारों भाषाएं बोली जाती थीं, ऐसे में संविधान सभा में एकमत के साथ 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया, वहीं 14 सितंबर 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की सिफारिश के बाद प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा ।




आज समुच्चा भारत इस भावना को व्यक्त करने के लिए हिन्दी दिवस मना रहा । इस भावना की श्रृंखाला कड़ी में नीमा गर्ल्स आर्ट्स कॉलेज कैसे अछूता रहे अतः आज हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता के विषय "हिन्दी भाषा की वर्तमान संदर्भ में महत्ता" तथा "मेरा प्रिय हिन्दी साहित्यकार" रहे थे। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 27 विद्यार्थिनियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर निबंध के माध्यम से अपने विचार रखकर हिन्दी भाषा का गौरव बढ़ाया ।




इस प्रतियोगिता में प्रथम क्रम पर द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. नेहल रमेशभाई ठाकोर, द्वितीय क्रमे तृतीय वर्ष की छात्रा कु. पूजा मनहरलाल सोलंकी एवं तृतीय क्रमे कु. खुशी किरीटभाई चावडा एवं कु. किंजल प्रकाशभाइ कड़िया रहे थे ।




समग्र कार्यक्रम प्राचार्यश्री डॉ. राजेंद्रसिंह वाघेला की अनुमति से एवं हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सोमाभाई पटेल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रयासों से सम्पन्न रहा । इस समग्र कार्यक्रम का संचालन एवं मूल्यांकन हिन्दी विभाग के अध्यापक डॉ. दीपक सोंदरवा ने किया था । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं बिन शैक्षणिक सेवक मित्रों का सहयोग रहा था ।